प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया–2025 का उद्घाटन करेंगे।

- प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में आज से तीन दिन का विशेष अभियान चलाकर राहत और बचाव कार्य किये जायेंगे।

- राज्य में लगातार हो रही बरसात से जनजीवन प्रभावित है। आज भी सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

- बाबा रामदेव जयंती और तेजा दशमी का पर्व प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगह–जगह मेलों का आयोजन।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया–2025 का उद्घाटन करेंगे। ये तीन दिवसीय सम्मेलन देश में एक मजबूत और टिकाऊ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगा। इसमें सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम की प्रगति, विनिर्माण, अनुसंधान और विकास तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नवाचार, निवेश के अवसर, राज्य–स्तरीय नीति कार्यान्वयन संबंधी विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री, कल सी. ई. ओ. गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इस सम्मेलन में 20 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। जिनमें 48 से अधिक देशों के दो हजार 500 से अधिक प्रतिनिधि है। कार्यक्रम में नवाचारों के विकास, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए भविष्य की योजना पर चर्चा होगी।

..........................

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, सीआर पाटिल ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और जल जीवन मिशन से देश में स्थायी स्वच्छता और जल सुरक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। कल नई दिल्ली में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन में श्री पाटिल ने सामूहिक उपलब्धियों की सराहना की और नवाचार, अपशिष्ट से ऊर्जा और जलवायु–अनुकूल स्वच्छता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत देश के हर ग्रामीण परिवार को नल से साफ पीने का पानी मिल रहा है। श्री पाटिल ने कहा कि खुले में शौच मुक्त प्लस मॉडल ग्रामीण परिवारों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सम्मान को दर्शाता है।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में आज से विशेष अभियान चलाने को कहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस अभियान के दौरान प्रभावित लोगों को सहायता राशि पहुचाने सहित अन्य राहत कार्य किये जायेंगे। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में इन क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य की समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में जल्द से जल्द हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही जिला कलेक्टरों को अलर्ट मोड पर काम करने को कहा है। उन्होंने घग्गर नदी में पानी की बढ़ती आवक को देखते हुए हनुमानगढ़ जिला कलक्टर को पंजाब और हरियाणा से समन्वय बनाते हुए सतर्क रहने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में उनकी सरकार दोनों राज्यों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के साथ खड़ी है। श्री शर्मा ने दोनो मुख्यमंत्रियों से राहत और बचाव कार्यों के साथ ही जलभराव के कारण हुए नुकसान के संबंध में भी जानकारी ली।

............

प्रदेश में लगातार हो रही बरसात से जनजीवन प्रभावित है। कई इलाकों में कल से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी जारी है। राजधानी जयपुर और आस–पास के इलाकों में रूक–रूक कर तेज बरसात

**हो रही है। कल हुई बारिश से** कई स्थानों पर ट्रेफिक जाम की स्थिति बनी रही। बारिश के चलते कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। दौसा में दो दिन से हो रही बरसात से निचले इलाके जलमग्न हो गए है। अजमेर में तेज बरसात से निचले क्षेत्रों में बस्तियों में पानी भर गया। पाली में कई नदियां उफान पर है तथा बांध ओवर फ्लो हो गए है। जवाई बांध अपनी भराव क्षमता के पास पंहुच गया है। सिरोही में गंगा वेरी के पास मढ़ी रपट पर तेज बहाव से आवागमन प्रभावित रहा। बरसात से सीकर जिले के श्रीमाधोपुर में ढाई सौ साल पुराने मंदिर का बरामदा अचानक धराशायी हो गया। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश से जनजीवन प्रभावित है।

.....................

मौसम विभाग ने आज 7 जिलों में भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अधिकांश जिलों में बरसात का येलो अलर्ट है। इन स्थानों पर तेज बरसात की संभावना है। वहीं पश्चिमी हिस्सों में आज से भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी। विभाग ने प्रदेश के दक्षिणी भागों में 4 सितम्बर से भारी बारिश की संभावना जताई है।

........................

राज्य में 15 सितम्बर से शहर चलो अभियान चलाया जायेगा। 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत शहरी निकायों में सफाई व्यवस्था सुधार, नई स्ट्रीट लाइट्स लगाने, आवारा पशु पकड़ने और शहरी निकायों के लंबित प्रकरणों के निस्तारण सहित अन्य कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है। ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित किये जा सके। इसके अलावा 18 सितंबर से हर पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में गांव चलो अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान सप्ताह में तीन दिन चलेगा। इस दौरान सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन, स्वास्थ्य शिविर और विद्यालयों के मरम्मत कार्य तथा बीज के मिनी कीट वितरित किये जायेंगे।

.....................

सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश में चल रहे अवैध बजरी खनन और परिवहन पर केन्द्र तथा राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश कल ऑल राजस्थान बजरी ट्रक ऑपरेटर्स वेलफेयर सोसायटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर बजरी का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है। इसके चलते वैध बजरी ट्रक ऑपरेटर्स का व्यवसाय खत्म हो रहा है। वहीं अवैध खनन के चलते आमजन को ऊंची कीमत पर बजरी की खरीद करनी पड़ रही है।

........................

प्रदेशभर में आज रामदेव जयंती और तेजा दशमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगह–जगह जातरू तेजाजी और बाबा रामदेव के दर्शन कर ज्योत ले रहे है। घरों में विभिन्न पकवानों का भोग लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन लोकदेवताओं ने लोक कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। इस बीच राज्यपाल हरिभाऊ बागडे कल जैसलमेर के रामदेवरा पंहुचे। उन्होंने बाबा रामदेव की समाधी के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। रामदेवरा में आज आज बाबा रामदेव के दर्शन के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुचे है।

.........................

उधर नागौर में तेजाजी की जन्मस्थली पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे है। कल से शुरू हुए मेले में श्रद्धालुओं के पंहुचने का सिलसिला जारी है। जोधपुर के खेजडली में पेड़ों की रक्षा के लिए अपनी जान देने वाले 363 लोगों की स्मृति में आज से मेले का आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में देश भर से विश्नोई समाज के लोग और पर्यावरण प्रेमी शहीदी स्मारक पर शीश नवाएंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए हवन में आहुतियां देंगे।

......................